# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के सूरत में श्री बाबूलाल रूपचंद शाह महावीर कैंसर अस्पताल और श्री फूलचंदभाई जयकिशनदास वखारिया सेनेटोरियम का उद्घाटन किया

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने समग्र दृष्टिकोण से भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के उत्थान का काम किया है

## मोदी जी ने अनेक युग परिवर्तनकारी काम किए हैं, लेकिन उनमें से एक आयुष्मान भारत योजना लाना भी है

## देश में लगभग 1.75 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर बने हैं, जिनका कुल फुटफॉल 317 करोड़ है

## स्वच्छ भारत मिशन, फिट इंडिया, खेलो इंडिया और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं से मोदी जी ने लोग अस्वस्थ न हो, इसकी चिंता की

## वर्ष 2013-2014 में भारत का स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट 37 हजार करोड़ रुपए का था, जो तीन गुना बढ़कर अब 98 हजार करोड़ रुपए हो चुका है

# सूरत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक केन्द्र के रूप में पूरे देश में अपनी पहचान बनाने में सफलता हासिल की है

प्रविष्टि तिथि: 23 JAN 2025 6:38PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के सूरत में श्री बाबूलाल रूपचंद शाह महावीर कैंसर अस्पताल और श्री फूलचंदभाई जयकिशनदास वखारिया सेनेटोरियम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आज सूरत को श्री बाबूलाल रूपचंद शाह महावीर कैंसर अस्पताल और श्री फूलचंदभाई जयकिशनदास वखारिया सेनेटोरियम के रूप में श्रेष्ठतम सुविधाओं से युक्त मेडिकल संस्थान मिले हैं। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में कैंसर के इलाज के लिए लोगों को एक ही छत के नीचे सारी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।




श्री अमित शाह ने कहा कि सूरत एक प्रख्यात शहर है और पिछले कुछ वर्षों में इस शहर में अनेक उद्योग स्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा कि सूरत न सिर्फ गुजरात बल्कि पूरे पश्चिम भारत की आर्थिक गतिविधियों का केन्द्र बन चुका है। आर्थिक गतिविधियों का केन्द्र बन चुके शहर में जनसंख्या बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन जनसंख्या बढ़ने के बावजूद सूरत ने शहर में स्वच्छता का रिकॉर्ड कायम रखा है। श्री शाह ने कहा कि सूरत में कई नए अस्पताल, खासकर सरकारी अस्पताल, बन जाने के कारण मेडिकल सुविधाओं में बढ़ोतरी हुई है और सूरत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक केन्द्र के रूप में भी पूरे देश में अपनी पहचान बनाने में सफलता हासिल की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लगभग 250 करोड़ रुपए की लागत से दो लाख 75 हजार वर्ग फुट में निर्मित और 110 बिस्तरों की सुविधा से युक्त यह अस्पताल आगामी दिनों में कम आय वाले लोगों के लिए कैंसर उपचार का केन्द्र बनेगा। गृह मंत्री ने कहा कि अस्पताल के साथ अलग किमोथेरपी यूनिट, आइसोलेशन बेड, हाइटेक ऑपरेशन थियेटर, रेडियेशन थेरेपी, कैंसर से संबंधित सर्जरी, अस्थि–मज्जा प्रत्यारोपण, परमाणु चिकित्सा, रिहेबिलीटेशन सहित कई अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं इस नए अस्पताल में उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे कैंसर के इलाज के क्षेत्र में सूरत शहर आत्मनिर्भर बन गया है।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि श्री फूलचंदभाई जयकिशनदास वखारिया सेनेटोरियम में आम लोगों के लिए चिकित्सा सुविधाओं से युक्त 36 कमरों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जिन्हें कैंसर के इलाज के लिए पहले मुंबई और अहमदाबाद जाना पड़ता था, वे अब अपने ही शहर में अच्छी सुविधाओं से युक्त अस्पताल में प्रभावी उपचार करा सकेंगे।

श्री अमित शाह ने कहा कि महावीर हेल्थ एंड मेडिकल रिलीफ सोसाइटी ने वर्ष 1978 से महावीर जनरल अस्पताल, बी डी मेहता आर्ट इंस्टीट्यूट, आर बी शाह सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल, लक्ष्मीपति महावीर नर्सिंग स्कूल और अब बी आर शाह महावीर कैंसर अस्पताल के रूप में स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित संस्थाओं की एक पूरी श्रृंखला बनाई है। उन्होंने कहा कि नए अस्पताल में मां कार्ड और आयुष्मान कार्ड से गरीबों के इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने जीवन में अनेक युग परिवर्तनकारी काम किए हैं, लेकिन उनमें सबसे अच्छा काम आयुष्मान भारत योजना लाने का रहा है। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों गरीबों को जब बिना उचित इलाज के घर लौटने को मजबूर होना पड़ता है और अस्पताल के भारी-भरकम बिल देखकर दुखी होना पड़ता है, ऐसी अवस्था में अपनी आंखों के सामने अपने स्वजन को असहाय बनकर मरते देखने से बड़ा दुख कुछ और नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पांच लाख रुपए तक का पूरा इलाज नि:शुल्क करके लगभग 12 करोड़ परिवार यानी 60 करोड़ लोगों को इस दुर्भाग्य से मुक्ति दिलाई है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने ऐसी व्यवस्था की है कि मुख्यमंत्री राहत कोष और प्रधानमंत्री राहत कोष की सुविधाओं को जोड़ने पर अब

किसी भी व्यक्ति की मृत्यु बिना इलाज नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के आंकड़ों के अनुसार, देश में लगभग 1.75 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर बने हैं, जिनका कुल फुटफॉल 317 करोड़ है। उन्होंने कहा कि इतनी संख्या तो पूरे यूरोप की भी नहीं है, जितने लोगों ने 10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज प्राप्त किया है।



श्री अमित शाह ने कहा कि अब तक 71 करोड़ आभा कार्ड बन चुके हैं। आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत लगभग 64 करोड़ रुपए इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने पर खर्च किए गए हैं। दवाओं के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना है, जिसमें दस हजार दुकानें पूरे देश में संचालित हो रही हैं। जन औषधि केन्द्रों में लगभग 20 से 50 प्रतिशत की कीमत में सारी महत्वपूर्ण दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने से गरीबों को लगभग 25 हजार करोड़ रुपए का लाभ हुआ है। श्री शाह ने कहा कि देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। देश आजाद होने बाद से 2014 तक देश में 387 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि पिछले 10 वर्षों में यह संख्या बढ़कर 766 हो गई है। उन्होंने कहा कि पहले हर साल 51 हजार डॉक्टर पढ़कर निकलते थे, लेकिन अब हर साल एक लाख 15 हजार युवाओं को एमबीबीएस और 73 हजार युवाओं को एमडी या एमएस की डिग्री दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने समग्र दृष्टिकोण से भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के उत्थान का काम किया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वस्थ लोगों की सेहत का भी ख्याल रखा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन करते हुए मोदी जी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर में शौचालय का निर्माण, युवाओं को फिट रहने के लिए प्रेरित करने के मकसद से फिट इंडिया मिशन, बच्चों को पोषणयुक्त बनाने के लिए पोषण मिशन, बच्चों को हर प्रकार के टीके लगाने के लिए मिशन इंद्रधनुष, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन लागू कराया है और साथ ही आयुर्वेद को भी बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि बीमारियों को जड़ से खत्म करने के लिए विश्व के पास आज भी आयुर्वेद से अच्छा उपचार नहीं है। मोदी जी ने नियमित योग और खेलो इंडिया से लोगों को मजबूत एवं प्रतिरोधक क्षमता से युक्त शरीर का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया है।



श्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2013-2014 में भारत का स्वास्थ्य बजट 37 हजार करोड़ रुपए का था, लेकिन आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का स्वास्थ्य बजट 98 हजार करोड़ रुपए का है। उन्होंने कहा कि देश के स्वास्थ्य बजट में लगभग तीन गुना की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि देश में 130 करोड़ लोग मध्यम वर्ग और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले हैं और मोदी जी ने हमेशा इन सभी लोगों की चिंता की है।

****

**राज / विवेक / राजीव / प्रियभांशु**

(रिलीज़ आईडी: 2095561) आगंतुक पटल : 161

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English